भोले तेरा दीदार | by Rajan Mor

मेरी अँखियाँ तरस गई भोले का दीदार पाने को
मेरी अँखियाँ तरस रही भोले का दीदार पाने को
मैं भगत दीवाना तेरा शम्भू
भगत दीवाना तेरा दिखा दूंगा ज़माने को
मेरी अँखियाँ तरस गई ....

तेरी लगन में डूबा रहूँगा जब तक है साँसों में दम
जितना चाहे लेले इम्तिहान फिर भी आस ना होगी कम
फिर भी आस ना होगी कम
ये मन विचलित हो रहा भोले
ये मन विचलित हो रहा आ कुछ समझाने को
मेरी अँखियाँ तरस गई ....

कोई चढ़ाये सोना चांदी हीरे और मोती अनमोल
मेरे पास प्रभु कुछ भी नहीं बस भक्ति लगन के मीठे बोल
भक्ति लगन के मीठे बोल
ये जीवन तुझपे अर्पण भोले
जीवन तुझपे अर्पण आ गया बरसाने को
मेरी अँखियाँ तरस गई ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-rajan-mor/